# पांकी विस क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना पहली प्राथमिकता : डॉ मेहता

पांकी प्रखंड के सखी मंडल की बहनों को आजीविका संवर्द्धन हेतु विधायक मद से सिलाई मशीन का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के नीलाबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म में लगातार तीसरे दिन क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के सौजन्य से सिलाई मशीन बांटा गया। मशीन वितरण पांकी प्रखंड के सखी मंडल की बहनों को आजीविका संवर्द्धन हेतु विधायक मद से किया गया। सोमवार को केकरगढ़, केल्हवा, तेतराई व हुरलौंग पंचायत के सखी मंडल की बहनों को सिलाई मशीन दिया गया।

**क्या बोले विधायक डॉ शशिभूषण :** विधायक डॉ मेहता ने बताया कि पिछले बार सिलाई मशीन वितरण अभियान के पहले चरण में 48 हजार महिला समूह को सिलाई मशीन दिया गया था। दूसरे चरण में पांकी विस क्षेत्र के बचे हुए सभी पंचायत के 42 हजार महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच सिलाई मशीन दी गयी। साथ ही प्रत्येक समूह में शामिल सभी महिला सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र की महिलाएं हर मामले में आगे रहेंगी। 90 हजार महिला समूह को सिलाई मशीन दिये जाने के बावजूद जो भी समूह या महिला वंचित रहेंगी, उन्हें तीसरे चरण में फिर से निबंधन कराकर सिलाई मशीन दिया जायेगा। विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सभी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी के तहत महिलाओं के विकास व उत्थान के लिए कई तरह की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है।





लाभुकों को सिलाई मशीन देते , रामदास साहू को सम्मानित करते और उपस्थित लोगों को सम्मानित करते पांकी विधायक (इनसेट में)।

**कार्यक्रम में ये गणमान्य भी रहे उपस्थित**

मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र वर्मा, बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, संजय चंद्रवंशी, राजा, सुनील कुशवाहा, मंच संचालन तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी एवं पूर्व मुखिया अजय पासवान, भागेश्वर राम, महेंद्र कुशवाहा, गुड्डू जी, समाजसेवी कमेश यादव, रंजय ठाकुर, पप्पू मिश्रा, संतोष वर्मा, कार्तिक सिंह, गुड्डू तिवारी, सुधीर तिवारी, अरविंद मेहता, सुरज कुमार, जयचंद दांगी, ओमप्रकाश मेहता उर्फ ढलान सिंह, राहुल उर्फ चट्टान सिंह, अजय सिंह, सोनू वर्मा एवं जेएसएलपीएस के पदाधिकारी और समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

**डॉ मेहता का महिलाओं को सिलाई देकर आत्मनिर्भर बनाना प्रशंसनीय : रामदास**

समाजसेवी रामदास साहू ने कहा कि पांकी विधायक डॉ मेहता का विस क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सिलाई मशीन देकर आत्मनिर्भर बनाना प्रशंसनीय है। महिलाएं सिलाई मशीन से घर में ही कार्य कर अपनी आय बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि पांकी विधायक के कार्यों की जितनी भी तारिफ की जाये कम होगा। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहू व पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

## स्पीड न्यूज

### राजकीय मध्य विद्यालय में गुरू गोष्ठी



**पाटन पलामू।** राजकीय मध्य विद्यालय पाटन में गुरु गोष्ठी की गयी। जिसमें नये बीपीएम जरीना प्रवीन एवं लेखा पाल रंजन सिंह को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। गुरु गोष्ठी में बीईईओ हरी ठाकुर, पारा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, सतीश शुक्ला, अमरजीत महतो, पंकज सिंह, इरशाद अहमद, परवेज आलम, विनोद सिंह आदि थे।

### ओबीसी को 52% हिस्सेदारी दें : मंच



**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के गुरहाकला पंचायत के मुरमाकला गांव में ओबीसी एकता अधिकार मंच का न्याय रथ पहुंचा। नुक्कड़ सभा हुई। जिसमें ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय सदस्य अमर प्रसाद ने कहा कि ओबीसी को बिहार में 30 प्रतिशत आरक्षण है लेकिन झारखंड में मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण है हमें झारखंड में जनसंख्या के अनुसार आरक्षण चाहिए। राज्य में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत पर आरक्षण मात्र 14 प्रतिशत है।

### रामगढ़ प्रखंड के सभी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित : चंद्रशेखर सिंह



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के सभी गांव में सड़क, बिजली और पेयजल सुविधाओं का घोर अभाव है। गांव के आम जनमानस एवं ग्रामीण अपनी दिनचर्या के लिए नित्य संघर्ष कर रहे हैं। पूरे प्रखंड के सभी गांव की स्थिति चिंताजनक है और जनप्रतिनिधियों को कोई सरोकार नहीं है। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य एवं डाल्टनगंज विस क्षेत्र के नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू ने रामगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांव में जनसंपर्क एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान कही। मौके पर चंद्रशेखर सिंह छोटू, सुरेश सिंह, परमानंद चंद्रवंशी, सतीश तिवारी प्रमोद प्रजापति, अख्तर अली, राजीव पांडे, संजय प्रसाद थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने जाना बच्चों का हाल



**पाटन पलामू।** कांग्रेस की पंचायत यात्रा के दौरान दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह लोगों से मिलते हुए छतरपुर प्रखंड के अत्यंत जंगली क्षेत्र के पचा दोहर गांव गये। वहां के मध्य विद्यालय पहुंच वहां के बच्चों से मिले। उन्होंने बच्चों का हाल जाना व उनकी समस्या से अवगत हुए। अशोक ने कहा कि बच्चों की समस्याओं का हर हाल में समाधान कराया जायेगा।

### एसपी की गुप्त सूचना पर चैनपुर थाना पुलिस ने किन्नी से 94 पशु किये जब्त



**चैनपुर पलामू।** एसपी रीष्मा रमेसन की गुप्त सूचना पर चैनपुर थाना प्रभारी ने बीती मध्य रात्रि किन्नी से 94 गौवंशीय पशु को जब्त कर थाना लाया। थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी की गुप्त सूचना के आधार पर किन्नी के पहाड़ के समीप औचक छापेमारी की गयी। जहां से प्रतिबंधित गौवंशीय पशु को तस्करों पैदल ले जा रहे थे। पुलिस जैसे ही वहां पहुंची, तस्कर जानवरों को छोड़ अंधेरे में भाग खड़े हुए। इस मामले में 11 नामजद लोगों के अलावे अज्ञात पशु तस्करों के विरूद्ध चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### कार्यकर्ताओं के बल पर पांचों विस क्षेत्र में जीत दर्ज करेंगे : बिट्टू पाठक



**हुसैनाबाद पलामू।** विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में हुई। जिसमें झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ, प्रदेश महासचिव सतनारायण सिंह, धनंजय तिवारी शामिल थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बिट्टू ने कहा कि मंत्री विधायक पूर्व हो जाते हैं कार्यकर्ता नहीं। कार्यकर्ताओं के बल पर पलामू जिला के पांचो विधानसभा में पार्टी शानदार जीत दर्ज करेगी। बैठक को झारखंड राज्य अल्पसंख्क आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ, प्रदेश महासचिव सतनारायण सिंह, सचिव धनंजय तिवारी, अवधविहारी सिंह, मसरूर अहमद, गुप्तेश्वर पांडे भी थे।

### विश्रामपुर से 151 कांवरियों का जत्था बाबाधाम देवघर के लिए हुआ रवाना



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद 151 कांवड़ियो का जत्था सोमवार को विभिन्न वाहनों से बाबानगरी देवघर गया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने जत्थे को भगवा झंडा दिखाकर देवघर के लिए रवाना किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में बाबा भोले की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नेता रजनीश कुमार उर्फ बबलू डिश, विजय कुमार रवि, भाजयुमो नगर अध्यक्ष संजय ठाकुर मौजूद थे।

### अष्टभुजी मंदिर से निकली कांवर यात्रा

**विश्रामपुर (पलामू)।** सावन माह के तृतीय सोमवारी पर विश्रामपुर के आरसीआईटी कॉलेज परिसर में स्थित अष्टभुजी व शिव-पार्वती मंदिर प्रांगण से कांवर शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभायातत्रा को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने संयुक्त रूप से भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। कांवरिया छह किलोमीटर पैदल चल कर रेहला कोयल नदी तट गये।

## अदबी संसार के बैनर तले हुआ सम्मान समारोह सह मुशायरा

# समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं साहित्यकार: अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होटल ज्योति लोक में 'अदबी संसार' के बैनर तले सम्मान समारोह के साथ कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया गया। साहित्यकार ज्योति प्रकाश, शायर नादिम बल्खी, समाजसेवी अली अहमद हुसैन एवं संगीतज्ञ पंडित राजाराम मिश्रा की स्मृति में आयोजित समारोह में प्रसिद्ध कवि श्रीधर प्रसाद द्विवेदी को वर्ष-2023 का नादिम बल्खी सम्मान एवं गायक कय्यूम रूमानी को पंडित राजाराम मिश्रा सम्मान से नवाजा गया। डॉ यासीन अंसारी की गरिमामय अध्यक्षता में मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा, समाजसेवी मुमताज अहमद खां, शिक्षाविद अविनाश देव, अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर, संरक्षक अमीन रहबर, अध्यक्ष इमरान शाद, सचिव शाहिद अनवर व मीडिया प्रभारी मो इस्तेखार ने संयुक्त रूप इन्हें शाल, स्मृति चिह्न एवं 5100-5100 की नकद राशि देकर करतल ध्वनि के बीच सम्मानित किया। साथ ही वार्षिक सम्मान-2023 के स्मारिका का लोकार्पण भी किया गया। अली अहमद हुसैन सम्मान अपरिहार्य कारण से स्थगित रहा। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि अरुणा शंकर ने कवि श्रीधर द्विवेदी एवं कय्यूम रूमानी को साहित्य व कला के क्षेत्र किये गये कार्य के लिए अभिनंदन किया।






साहित्यकारों को सम्मानित करतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व उपस्थित अन्य।

## शिक्षा से देश का होता है विकास, उसी तरह पौधों से प्रदूषण का होता है विनाश : डॉ कौशल-अमित

- केंद्रीय महिला व बाल शिक्षा मंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर डॉ कौशल ने उन्हें पौधा भेंट किया
- पलामू पुलिस अधीक्षक के आवासीय परिसर में डॉ कौशल ने लगाया रुद्राक्ष और चीकू के पौधे

खबर मन्त्र संवाददाता




केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और अतिथियों मैडम को पौधा भेट करते डॉ कौशल पार्षद अमित।

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक के आग्रह पर सोमवार को उनके आवासीय परिसर में पौधा रोपण किया गया । जबकि नई दिल्ली तीन मूर्ति 11 लाइन स्थित केंद्रीय महिला, बाल विकास एवं शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलकर ट्री मैन ऑफ झारखंड व विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत हिमाचल का कपूर का पौधा भेट कर इस मुलाकात को यादगार बनाया। केंद्रीय मंत्री से बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि विश्व के पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण उनके पैतृक गांव छतरपुर के डाली बाजार में अंतिम चरण में है। उन्होंने मंदिर का फोटो समर्पित करते हुए कहा कि वे अपनी निजी लागत पर पिछले 58 वर्षों से देश दुनिया के लोगों को पर्यावरण बचाने का अभियान चला रखा है। उन्होंने बताया कि आज दुनिया का सबसे बड़ा शत्रु प्रदूषण को भागने के उद्देश्य वे रात दिन एक कर पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ताकि प्रदूषण की विभीषिका से देश व दुनियां के लोगों को समय रहते बचाया जा सके। डॉ कौशल ने कहा कि झारखंड के वन विभाग द्वारा संचालित स्थाई और अस्थाई नर्सरी विकसित करना लगभग बंद हो गया है। जिससे लोगों को पर्याप्त पौधा नहीं मिल पा रहे हैं।

## पलामू में नये आइटम को लेकर धूम मचाने आ गया जादूगर शंकर सम्राट

- आज उद्घाटन करेंगे विधायक और डीडीसी
- मेंटलिज्म एक नयी आईटम है : जादूगर शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हर वर्ष सावन में लोगों को भरपूर मनोरंजन देने के लिए जादूगर शंकर सम्राट विगत कई वर्षों से आ रहा है लेकिन इस बार नये आईटम के साथ पलामू में धूम मचाने जादूगर शंकर सम्राट पहुंचा है। इसका उद्घाटन मंगलवार को संध्या साढ़े छह बजे गांधी स्मृति टाउन हॉल में क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया व डीडीसी शब्बीर अहमद करेंगे। जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता में जादूगर शंकर सम्राट ने कहा कि बिहार, झारखंड, उड़ीसा व छतीसगढ़, सिंगापुर, काठमांडू समेत देश विदेश के अन्य क्षेत्रों में 40 हजार शो अभी तक कर चुके हैं। जादू के माध्यम से लोगों के अंदर जो अंधविश्वास बना हुआ है उसे हटाना तथा तंत्र मंत्र के चक्कर में लोग न पड़ें इसे दूर करने के लिए जादूगर एक सशक्त माध्यम है।



## मंत्री परिषद की स्वीकृति के बाद निकलेगी सोलर पार्क की निविदा

- गत दिनों हुसैनाबाद विधायक ने सोलर पार्क की स्थापना को लेकर विधानसभा में आवाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिले के हैदरनगर अंचल के परता में सोलर पार्क की स्थापना अब तक नहीं होने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने गत दिनों आवाज उठाया है। सोलर पार्क की स्थापना को लेकर विधायक काफी गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सोलर पार्क की स्थापना से बिजली की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जायेगी। भूमि उपलब्ध कराने के बावजूद इस कार्य में बेवजह देरी की जा रही है। विधायक ने बताया कि उनके सवाल पर विभागीय मंत्री ने जवाब दिया है कि पलामू जिला के हैदरनगर के परता गांव के समीप सोलर पार्क की स्थापना हेतु कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति एवं राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव योजना प्राधिकृत समिति ने पारित कर दिया है। शीघ्र ही मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

### एएसआई मोहम्मद शहंशाह आलम सिद्दिकी ने पूर्वडीहा में अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**चैनपुर पलामू।** थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के निर्देश पर कांड के अनुसंधानकर्ता एएसआई मोहम्मद शहंशाह आलम सिद्दिकी ने चैनपुर थाना कांड संख्या- 10/2024 के अभियुक्त पूर्वडीहा के बबलू दुबे के घर इश्तेहार चिपकाया। उन्होंने इसे जनवरी का मामला बताया है। अभियुक्त पर अवैध तरीके से ईंट चिमनी भट्ठा में खनन का आरोप है। इसे लेकर जिला खनन पदाधिकारी ने मामला दर्ज कराया था। अभियुक्त काफी समय से फरार था। गाजे बाजे के साथ अभियुक्त बबलू के घर जाकर इश्तेहार चिपकाकर न्यायालय में उपस्थित करने को कहा है। नहीं तो कुर्की-जब्ती भी की जायेगी।

### बंका नदी पुल के पास मुख्य सड़क जर्जर



**पाटन, पलामू।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह एवं बरहमोरिया ग्राम के बीच बंका नदी के पुल के पास मुख्य सड़क जर्जर अवस्था में थी। इस रोड पर पाटन नावा मनातु प्रखंड के हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। रोड की स्थिति देख जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज मेहता ने सड़क की मरम्मत करवायी। इस कार्य के लिए पाटन के लोगों ने प्रखंड अध्यक्ष को सराहना करते हुए शुभकामना दी है।

### एनएसएस समेत सैकड़ों छात्रों को किया गया प्रेरित

- ए के सिंह कॉलेज में माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण जागरूकता कार्यशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** ए के सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में माई भारत पोर्टल जागरूकता कार्यक्रम 2024 विषय पर एक विचार गोष्ठी की गयी। अध्यक्षता एसीएस डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा ने की। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमुख प्रो राजेश सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए माई भारत पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि माई भारत पोर्टल युवाओं के लिए एक ऐसा डिजिटल पोर्टल है जो प्रत्येक युवा के कौशल विकास को और उनके करियर से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां केंद्र सरकार के द्वारा दी जाती है।



### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत

**मेदिनीनगर। मेदिनीनगर-औरंगाबाद** मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी खास गांव में अज्ञात वाहन के धक्का से बाइक सवार की मौत हो गयी। मृतक सुधीर मांझी पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के चोरहट पंचायत के दीनाबार गांव का रहने वाला था। जबकि बाइक सवार इंद्रदेव सोनी रामगढ़ थाना क्षेत्र के मुसुरमु गांव का रहने वाला है। इंद्रदेव सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल का इलाज मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

### हर मोर्चे पर विफल हो चुकी राज्य सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी : नरेंद्र पांडेय

- भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा
- मोदी सरकार की गिनायी उपलब्धियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** विधानसभा चुनाव को लेकर वरीय भाजपा नेता सह पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। श्री पांडेय ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के राजहरा, कविलासी, लेदुका, बंदला, बसना, ब्रह्मोरियां, अमावा, सेमरी, गुरहा, मुरमा, केतात, डंडीला, गोदरमा, बरवाडीह सहित कई गांवों में जाकर लोगों से मिले। इस दौरान कई गांवों में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत भी किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया। श्री पांडेय ने मोदी सरकार की उपलब्धियां लोगों को गिनायी।



### मुख्यमंत्री मंइयां योजना लागू होते ही लगा ग्रहण



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लागू किया गया लेकिन इस योजना को लागू होते ही ग्रहण लग गया। सैकड़ों महिलाएं शिविर में पहुंचकर घंटों इंतजार करने के बाद निराश घर लौट गयी। शहरी क्षेत्र के लाभूकों को फार्म जमा करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन टाउन हॉल में शिविर लगा। जिसमें तीन दिन से महिलाएं शिविर में पहुंचकर अपना फार्म जमा नहीं कर पायी। जबकि उस शिविर में शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं व लाभूक घंटो इंतजार कर रहे हैं। इस बावत लाभूकों द्वारा पूछे जाने पर फार्म जमा करनेवाले कर्मी यह कहकर चुप्पी साध लेते हैं कि अभी सरवर डाउन है। जब सरवर खुलेगा तो फार्म लिया जायेगा। शिविर में ऑफ लाईन आवेदन भी जमा नहीं लिया जा रहा है।

# ग्रासिम ने वृहद पैमाने पर क्षेत्र में कराया पशुओं का टीकाकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व, रेहला के द्वारा पशुधन विकास योजना के तहत रेहला एवं आसपास के गावों में पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारी से बचने हेतु वृहत पैमाने पर कुल 35 गांवों घोरडीहा, डंडिला खुर्द एवं कला, बरसैता, बिशनपुर रमजानी बिगहा, मायापुर, गोदरमा कला, रक्साहा, सबौना, लरंगाहा, पांडेयपुर, मधुरीडीह, उरसुला, डीहरिया, झगरुआ, भलूही, बरवाडीह, लूरी खुरी, नावाडीह, सिगसिगी के झुरही, बेलवादमर, बल्हा, सोनबरसा, रगदा, होलंगा, जावाखाड़, लोहरदगा, सुलुमदाग, भीतिहारा, बेलचंपा, मेंढ़ना कला एवं नावाडीह गाँवों एवं टोलों में 1145 पशुपालकों के कुल 6512 मवेशियों को ग्रामवार शिविर लगाकर एचएसबीक्यू का टीकाकरण एवं उपचार किया गया। ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने आसपास के गांवों में एचएसबीक्यू का टीकाकरण अभियान बृहद पैमाने पर चलाकर मवेशियों का टीकाकरण किया जाता है। इस टीकाकरण से पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियां जैसे गलघोंटू, लंगड़ा बुखार व बरसात के गंदे पानी पीने के कारण होने वाली बीमारियों से पशुओं की सुरक्षा होती है।



पशुओं को टीका लगवाते पशुपालक।

# मिशन समृद्धि में अरुणा व सदस्यों ने मिलकर मनाया सावन महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था में प्रथम मेयर अरुणा शंकर एवं सदस्यों ने मिलकर सावन महोत्सव मनाया । सावन महीने में महिलाऐं हरे लिवास हरी चूड़ियाँ मेंहदी लगे हाथों में बेहद खुश होती हैं। ऐसे खुशियों को मूर्त रूप देने में मिशन समृद्धि संस्था हमेशा आगे होती है। महिलाओं ने जमकर खुशियां मनायी। मौके पर प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने ऐसे कार्यक्रम आयोजन करने के लिए महिलाओं की संस्था की जमकर तारीफ की है और बराबर ऐसे प्रोग्राम करने के लिए प्रेरित की। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने अरुणा शंकर एवं वीणा मिश्रा को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। संस्था की अहिल्या गिरि, रेडियो उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव, कलाकार आशा शर्मा का बेहतरीन सजावट का लोगों ने काफी सराहा। सोशल एण्ड मोटीवेशनल ट्रस्ट की झारखंड अध्यक्ष ममता प्रोग्राम में शामिल हूई और अपनी ओर से दो पुरष्कार भी दी। सुधा गुप्ता एवं रुबी अग्रवाल को चेयर रेश में जीत के लिए पुरष्कृत किया गया। मौके पर बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, शिल्पी गोस्वामी, रंजीता, ममता गुप्ता, ब्यूटिशियन संध्या शेखर रेडियो उद्घोषिका निर्मला पाण्डेय, बी एड कॉलेज प्राचार्या अनुराधा झा, स्कूल प्राचार्या सीमा श्रीवास्तव, अलका मिश्रा, पिंकी वर्मा, मधु पाण्डेय, बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय शामिल थे।



उपस्थित महिलाएं।

# सावन के तीसरी सोमवारी को सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ धाम में किया जलाभिषेक

## मेला क्षेत्र में हो रही हर गतिविधियों पर डीसी बनाये हुए थे नजर व रुट लाइन का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** श्रावणी मेला के 15 वें दिन तीसरी सोमवारी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बासुकीनाथ के जलार्पण के लिए पहुँचे।शाम 5 बजे तक 127298 श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण किया। शीघ्रदर्शनम से 2863 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। सावन की तीसरी सोमवारी को देर रात्रि से ही श्रद्धालु शिवगंगा की ओर बढ़ रहे थे,एवं स्नान कर कतारबद्ध हो रहे थे। डीसी आंजनेयुलु दोड्डे श्रद्धालुओं की तादाद को देखते हुए मेला क्षेत्र में हो रही हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे।उन्होंने समय समय पर रुट लाइन का निरीक्षण भी किया एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

**पूरी तत्परता से अपनी कर्तव्य का निर्वहन करें :** तीसरी सोमवारी को काँवरिया रुट लाइन के निरीक्षण के दौरान डीसी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों से कहा कि पूरी तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नही हो इसका ध्यान रखा जाय।विनम्रता से श्रद्धालुओं से पेश आयें।उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर प्रतिनियुक्त सुरक्षा बल के जवान सभी श्रद्धालुओं पर अपनी नजर बनाये रखें।किसी प्रकार की विपरीत स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसका ध्यान रखें।

**एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा में रही तैनात :** तीसरी सोमवरी को मंदिर का पट खुलते ही हर हर महादेव के नारों के साथ श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर की ओर बढ़ रहे थे।सुरक्षा बल के जवान सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर देर रात्रि से प्रतिनियुक्त थे।अर्घा के माध्यम से श्रद्धालु बाबा का जलार्पण कर रहे थे।श्रद्धालुओं की तादाद को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा में पूरे अलर्ट मोड में थी।शिवगंगा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा का ख्याल रखा जा रहा था।श्रद्धालु पूरे आस्था के साथ शिवगंगा में स्नान कर बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण कर रहे थे।

**अर्घा सिस्टम से श्रद्धालु कर रहे थे जलार्पण :** जैसे ही जलार्पण सुबह 4 बजकर 10 मिनट पर प्रारंभ हुआ श्रद्धालु अर्घा सिस्टम के माध्यम से कड़ी सुरक्षा के बीच जलार्पण कर रहे थे। सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जा रहा था। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।



बासुकीनाथ में जलाभिषेक को उमड़े कांवरिया श्रद्धालू

# तीसरे सोमवार को बाबा गजेश्वरनाथ मंदिर परिसर में शिव भक्तों की लगी लंबी कतार



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहेबगंज/बरहेट।** सावन माह की तीसरी सोमवारी को बाबा गाजेश्वरनाथ धाम में श्रद्धालुओं ने उल्लास के साथ पुजा अर्चना कि.मंदिर परिसर में कांवरियों का जनसैलाब उमड़ा। प्राकृतिक द्वारा निर्मित गुफा स्थित पीतांबरी शिवलिंग पर पवित्र गंगाजल, दूध, बेलपत्र, पुष्प, अपित कर श्रद्धालुओं ने बारी बारी से पूजा अर्चना की। सावन माह की तीसरी सोमवारी को पश्चिम बंगाल , बिहार,झारखंड, के श्रद्धालु का हुजूम उमड़ा. कांवरिया रविवार के देर रात्रि तक शिवगादी पहुंच गए थे. सावन माह की तीसरी सोमवारी को एक लाख श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। पहले सुबह 3:00 बजे मंदिर के मुख्य द्वार खोल दिया गया था। कांवरियों को पूजा अर्चना करने को लेकर प्रबंध समिति की ओर से स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी, जहां श्रद्धालुओं को बारी-बारी से पूजा अर्चना कराया. जहां सोमवार को दिनभर कावरिया का ताता लगा रहा. इधर भीड़ को नियंत्रण को लेकर बरहेट शिवगादी कांवरिया पथ पर चप्पा-चप्पा पुलिस बल तैनात किये गये थे, बरहेट से शिवगादी आने वाले वाहनों को खेरवा फुटबॉल मैदान समीप वाहनों को रखरखाव के लिए पार्किंग बनाया गया था ताकि बड़े वाहनों के कारण कांवरिया पथ पर जाम की स्थिति ना हो। वही मोटरसाइकिल, टोटो जैसे वाहनों को जाने की अनुमति दी गई थी.शिवगादी प्रबंध समिति की ओर से वाहनों का परिचालन के लिए वन वे बनाया गया था, शिवगादी से पूजा अर्चना कर लौटने वाले श्रद्धालु डुमरिया होते हुए बरहेठ पहुंचेंगे, वही डुमरिया स्थित गांव समीप 3 घंटों तक वहांन जाम रहा, स्थानीय प्रशासन द्वारा पहुंचकर जाम को हटाया गया। इधर बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार वाहनों की जाम की समस्या ना हो इसको लेकर सड़कों पर लगातार गश्ती करते रहे. वही कांवरिया पथ पर विभिन्न जगहों पर जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## मोटरसाइकिल से गिर कर एक युवक गंभीर

**तालझारी/साहिबगंज।** तालझारी महराजपुर सड़क के बीच बागजोडी. गांव के पास सोमवार को एक युवक मोटरसाइकिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को पश्चिम बंगाल फरक्का से मोतीझरना पुजा करने जा रहे थे,कि तालझारी बागजोड़ी गांव के पास अचानक मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सपन साहा की पत्नी अर्चना साहा सड़क पर गिर गई। पक्की सड़क से सर टकराने के कारण उसे महिला का सर फट गया और कान से खून निकलने लगा। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा निजी वाहन कर घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचागया। सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा प्रजापति प्रकाश बाबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे डॉक्टर के सहयोग से घायल महिला का इलाज करवाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर द्वारा बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया।

# इंपोर्टेंस ऑफ साइकोलॉजी इन प्रेजेंट सिनेरियों विषय पर दिया व्याख्यान


पुस्तक विमोचन करते अतिथि एवं अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के केन्द्र निदेशक सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नॉडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित एसएस कॉलेज भोपाल में इंपोर्टेंस ऑफ साइकोलॉजी इन प्रेजेंट सिनेरियो विषय पर व्याख्यान दिया। बतौर मुख्य वक्ता के रुप में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेबिलीटेशन साइकोलॉजी (पीजीडीआरपी) एंड एमफिल इन क्लिनिकल साइकोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य एवं तनावमुक्त जीवन जीने के लिए लोगों को मनोविज्ञान की व्यवहारिक उपयोगिता की समझ होना जरुरी है। मनोविज्ञान नहीं केवल उजड़े मन को बसाता है, बल्कि सुंदर मन को सजाता भी है। वर्तमान में मनोवैज्ञानिक समाधान के लिए नहीं केवल साइबर क्राइम, बाल अपराध, नशा व्यसन, आत्महत्या, सेक्सुअल एब्यूज, आदि समस्याएं सामने खड़ी दिखती है।

## एक नजर में

### आर्सेनिक युक्त पानी पीने से डिहारी गांव के लोग असामायिक मौत के गाल में समा रहे हैं : ग्रामीण

**साहिबगंज।** जिले के साहेबगंज सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिम पंचायत के डिहारी गांव में आर्सेनिक युक्त पानी पीने से ग्रामीणों की असामायिक मौत हो रही है। वहीं गांव के अधिकांश ग्रामीण आर्सेनिक युक्त पानी पीने से चर्मरोग व पेट के लोग से परेशान हैं। डिहारी गांव की कुल आबादी करीब 2600 के आसपास है। यहां सबसे बड़ी समस्या पानी है। यानि पानी में घुला हुआ जहर आर्सेनिक है। ग्रामीण बताते है कि आर्सेनिक युक्त पानी पीने से उनके घर के कई लोग कैंसर बीमारी से असमय ही मौत के गाल में समा गए है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिन में गांव में एक ही घर में पिता व पुत्र की मौत हो गई है। 54 वर्षीय तपेश्वर यादव की पहले मौत हुई। बाद में उनके पिता 80 वर्षीय शिवजी यादव की मौत हो गई। तपेश्वर की फेफड़ों में संक्रमण था। अब भी आर्सेनिक युक्त पानी के इस्तेमाल से उनलोगों को चर्म रोग हो रहा है। यह पानी वे लोग पीते नहीं है। खरीदकर डब्बाबंद पानी पीना पड़ता है। नहाने, कपड़ा धोने समेत अन्य कामों के लिए उपयोग करती है। आर्सेनिक युक्त पानी के इस्तेमाल से उनके शरीर के चमड़ी जल चुकी है। कई महिलाओं के हाथ में जख्म दिखे। आजतक राज्य सरकार या फिर जिला प्रशासन ने उनलोगों को आर्सेनिक मुक्त पानी देने का काम नहीं किया है। पहले मिजाचौकी स्थित रक्सी स्थान से मोटर के सहारे पानी गांव तक पहुंचता था। पिछले तीन वर्षों वह खराब पड़ा हुआ है। कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन किसी ने भी सुध नहीं ली। गांव में डीएमएसपी फंड से पेयजल व स्वच्छता विभाग से 94 लाख आठ हजार 159 रुपए की लागत से पेयजल आपूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया। लेकिन अब इस योजना के तहत निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। इस गांव का सबसे बड़ा समस्या पानी है और मांग है कि यहां घर-घर जलापूर्ति की जाए। इधर, पेयजल व स्वच्छता विभाग की मानें तो पिछले कुछ वर्ष पूर्व डिहारी गांव में पांच आर्सेनिक रिमूवल प्लांट लगाया गया था। इस वक्त सभी प्लांट बंद पड़ा हुआ है। मौजूदा वक्त में पेयजल व स्वच्छता विभाग से 94 लाख आठ हजार 159 रुपए की लागत से रक्सी स्थान यानी करीब चार किलोमीटर दूर से घर घर पेयजल आपूर्ति के लिए योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसमें 50 हजार लीटर की एक पानी टंकी बनाई जा रही है। जबकि गांव में चार 16 हजार लीटर का टैंक बनाया जा रहा है। इससे करीब 450 घरों को आर्सेनिक मुक्त पानी मुहैया कराया जाएगा। विभाग के अनुसार यह योजना तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा।

### डीजल इंजन से भैंसा का टक्कर हुई, घंटों बाधित रहा रेल रूट

**तालझारी।** साहिबगंज बरहरवा रेल खंड के बीच करमपुरातो स्टेशन के समीप सोमवार को साहिबगंज की ओर से एक डीजल इंजन तालझारी आने के क्रम में करमपुरातो के समीप पोल संख्या 207/16 के पास अचानक दौड़ कर आ रहे भैंसा से डीजल इंजन का टक्कर हो गया, जिससे भैंसा डीजल इंजन के चक्का में कट कर फस गया। जिसके कारण लगभग एक घंटा रेल रूट जाम रहा । स्टेशन मास्टर संजय रजक ने बताया की लगभग 8: 20 पर सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर गैंगमैन को भेज कर बड़ी मुश्किल से डीजल इंजन में फंसे भैंस को लगभग 9:30 बजे निकाला गया तब जाकर लगभग एक घंटे के बाद रेल रूट चालू किया गया।

### धर्म जागरण जत्था ने तीसरी सोमवारी को 54 फीट कावर यात्रा निकाली

**साहिबगं।** धर्म जागरण जत्था की ओर से तीसरी सोमवारी के पावन अवसर पर शहर के मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट से 54 फीट कावर यात्रा निकाली गई। गंगा घाट में जल भरकर हजारों की तादात में महिला पुरुष कावरिया 54 फीट का कावर लेकर शहर के मुख्य चौक चौराहा भ्रमण करते हुए पहला पड़ाव साक्षरता चौक में रुका। कावर यात्रा में जगह जगह लोगो ने भक्तो को शरबत पिलाया, पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। वही पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति काटरगंज की और से कावर यात्रा में शामिल भक्तो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। धर्म जागरण मंच के ओमप्रकाश जायसवाल ने बताया कि 54 फीट कावर यात्रा तीसरे दिन बुधवार को शिवगादी धाम पहुंचेगी। पहले दिन का पहला पड़ाव साक्षरता चौक दुर्गा मंदिर, दूसरा पड़ाव दुगाटोला, तीसरा पड़ाव सिन्हा पुल, चौथा पड़ाव बांझी बाजार में रात्री विश्राम होगा। दूसरे दिन मंगलवार सुबह को पहला पड़ाव रक्सो, दूसरा पड़ाव मरचो, तीसरा पड़ाव बोरियो में भोजन, चौथा पड़ाव तेलों, पांचवा पड़ाव पंचकठिया बरहेट में रात्री विश्राम, तीसरा दिन बुधवार को पहला पड़ाव बरहेट, दूसरा पड़ाव शिवगादी में होगा। जहां सभी का वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन जलार्पण होगा। वही सन्यासी बाबा ने कहा कि इस कावर यात्रा का तीसरा साल है। कावर यात्रा धार्मिक भाव को जगाने, सनातनी को एक जुट करने के लिए, भारत माता का जय होता रहे, जनकल्याण की कामना को लेकर 54 फीट का कावर यात्रा निकाला गया। श्रावण मास में गंगा जल का महत्व बढ़ जाता है। गंगा जल लेकर शिव का जलाभिषेक करने का महत्व आदिकाल से चला आ रहा है। इस कावर यात्रा में वनवासी बंधु, श्री बंधु, पहाड़िया बंधु सहित हजारों सनातनी है। कावर यात्रा में भक्त शिवजी के भजन में झूमते गाते बोल बम का जयकारा लगाते शिवगादी के लिए रवाना हुए। मौके पर अंकित सराफ, मंटू यादव, राकेश कुमार, नितेश यादव सहित धर्म जागरण मंच के दर्जनों सदस्य व हजारों महिला पुरुष कावरिया उपस्थित थे।

### सर्वर डाउन की समस्या के कारण ग्रहण लगता दिख रहा है मुख्यमंत्री मंईया योजना को

**बेरमो /बोकारो।** जिले लगभग सभी प्रखंडों के पंचायत सचिवालय मे सुबह से ही लाभुको की भिड़ देखी गयी। बताते चले की 3 अगस्त से ही मुख्यमंत्री मंईया योजना हेतु आवेदन करने के लिए शिविर का आयोजन सभी पंचायत सचिवालय मे किया जा रहा है। जिसमे पंचायत क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका और प्रज्ञा केंद्र संचालको के सहयोग से आवेदन की प्रक्रिया पुरी करनी थी पर खराब सर्वर के कारण आज भी आवेदन करने मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिविर मे उपस्थित लाभुको से बात चीत करने पर लाभुको ने बताया की हमे आवेदन की प्रक्रिया पुरी करने के लिए 3 तारीख से ही पंचायत सचिवालय मे आ रहे है पर सर्वर की समस्या के कारण पूरे दिन बैठने के बाद भी आवेदन की प्रक्रिया पुरी नही हो पा रही है। जो वर्तमान सरकार के लिए विचारणीय है।लाभुको ने बताया की हम लोग भूखे प्यासे आवेदन प्रक्रिया पुरी करने के लिए पंचायत सचिवालय आते है पूरे दिन रहने के बाद भी आवेदन प्रक्रिया पुरी नही हो पाती।उन्होंने ये भी कहा की योजना को सफल बनाने के लिए सरकार को इसके लिए तैयारी पहले से करने की जरूरत थी ताकि आवेदन की प्रक्रिया बिना किसी रूकावट पुरी की जाती।पंचायत सचिवालय मे आये कुछ लाभुकों जैसे हेमन्त कुमार , राइबुन निसा, सम्मा जहा, अब्दुल मन्नान, और प्रज्ञा केंद्र के संचालक लाल मोहम्मद ने जानकारी साझा करते हुए बताया की आवेदन प्रक्रिया पुरी करने के लिए केवल हम ही लोग उपस्थित है ,बाकी सभी संचालक अनुपस्थित है और ना तो पंचायत सचिवालय मे बिजली की व्यवस्था है और ना ही जर्नेटर,जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उक्त सभी बिंदु को धयान मे रखते हुए सम्बन्धित विभाग के आला अधिकारियो को इस योजना को सफल बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिये ताकि लाभुको को योजना का लाभ मिल सके ।वही दुसरी तरफ लाभूको का विरोध भी अधिकारियों को झेलना पड़ रहा है। कुल मिलाकर सर्वर की लगातार डाउन होने की समस्या ने इस योजना को लेकर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं। वही आक्रोशित लाभूको की माने तो सर्वर डाउन के कारण इस योजना पर ग्रहण लगता दिख रहा है।

## प्रशिक्षुओं को मशरूम की खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया

**साहिबगंज।** जिला अंतर्गत प्रिमिटिव वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप के तीसरे बैच के प्रशिक्षुओं को आरसेटी में मशरूम की खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। आरसेटी में प्रशिक्षुओं को मशरूम की खेती के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, जिसमें बीज की बुवाई, खाद्य सामग्री की तैयारी, वातावरण की देखभाल, और कटाई की प्रक्रियाएँ शामिल हैं। विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षुओं को यह भी सिखाया जा रहा है कि कैसे मशरूम की गुणवत्ता बनाए रखी जाए और बाजार में इसके विपणन के लिए रणनीतियाँ अपनाई जाएं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एक प्रशिक्षु ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह प्रशिक्षण हमारे लिए एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। हमें उम्मीद है कि हम इससे आत्मनिर्भर बन सकेंगे और अपने समुदाय के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकेंगे।

# निदेशक प्रभारी ने ब्लास्ट फर्नेस में सुरक्षा मानकों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ ईडी मानव संसाधन व अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद सीजीएम तकनीकी एल दास सीजीएम सुरक्षा बीके सरतापे सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस एमपी सिंह सहित ब्लास्ट फर्नेस के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की साथ ही उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। उन्होंने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर बल देते हुए सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बीबीए-बीसीए समेत अन्य पांच परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरे जायेंगे 10 अगस्त से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने सोमवार को विभिन्न पांच परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। उक्त परीक्षाओं में बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर-6 के साथ-साथ एमएड सेमेस्टर-4 भी शामिल है। कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने उक्त परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का विभिन्न ओलंपियाडों में शानदार प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के छात्र छात्राओं ने विभिन्न ओलंपियाडों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल तीन ओलंपियाड रैंक 1 तथा 14 को जोनल रैंक 1 व 14 विद्यार्थियों ने स्टेट रैंक 1 के साथ राज्य में अव्वल होने का गौरव प्राप्त किया। सीनियर इकाई में सेकेंड लेवल में आदित्य मिश्रा कुमार अनमोल और शिवम ओझा ने एनओएस में रैंक 1 व आदित्य मिश्रा ने आईओईएल में रैंक 3 और अमोघ आनंद झा ने एसआईओ में रैंक 3 हिन्दी ओलंपियाड में सात्विक रूपम द्विवेदी और आयुषी श्री ने स्टेट रैंक 1 लाकर एक्सीलेंस स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र जीते। आराध्या सिंह शिप्रा हेम्ब्रम एवं आरिवा एंजेल ने स्टेट रैंक 2 अश्लोक आनंद शिखा श्रेया एवं अमोघ आनंद झा ने स्टेट रैंक 3 पाई। वहीं आइआरएटीओ में रक्षित राज ने जोनल रैंक 1 एवं ओलंपियाड रैंक 2 और कुणाल आनंद ने जोनल रैंक 3 पाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आदित्य राज आयुषी श्री वंशिका सिंह एवं कुमार अनमोल को रैंक 2, सरित चक्रवर्ती अश्लोक आनंद जय सात्विक मदिरेड्डी एवं श्रेयांशु घोष को स्टेट रैंक3 मिली।

इधर एसओएफ के आईसीओ में हर्षिता ने जोनल रैंक 1 बरुणी अग्रवाल ने रैंक 2 आदित्य मिश्रा ने एनएसओ और आईएसएसओ में रैंक 1 आईईओ में आराध्या मिश्रा ने जोनल रैंक 1 के साथ गोल्ड मेडल राशि मान्या ने रैंक 2 हर्षल गुप्ता एवं अंकिता साक्षी ने रैंक 3 रयान सिंह ने आईएमओ में जोनल रैंक 1 व एनएसओ में रैंक 3 आदित्य राज ने आईएमओ में रैंक 2 और नेशनल साइबर ओलंपियाड में सार्थक सिद्धांत ने जोनल रैंक 3 प्राप्त की। प्राइमरी इकाई में विभिन्न ओलंपियाडों में कुल 9 छात्र छात्राओं को जोनल रैंक 1 तथा 12 विद्यार्थियों ने स्टेट रैंक वन हासिल की है। स्टेट रैंक व जोनल रैंक पाने वाले सभी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिले। विभिन्न स्पधाओं के लिए प्रतिभागियों को नकद पारितोषिक राशि भी मिली। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एसडीपीओ ने किया मासिक अपराध गोष्ठी



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजमहल।** राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष मे बुधवार को विमलेश कुमार त्रिपाठी के अध्यक्षता में सभी थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की एक बैठक आहूत की गई। जिसमे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा बेहतर पुलिसिंग से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगी। न्याय फाइलों तक ही सिमटा नहीं रहे बल्कि वे पीड़ितों तक भी पहुंचे ताकि आमलोगों की मन में पुलिस के प्रति आस्था, श्रद्धा तथा विश्वास पैदा हो।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं 14 अगस्त की संध्या में आयोजित होने वाले

# सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त श्री सतीष चंद्रा की अध्यक्षता में 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं 14 अगस्त की संध्या में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की और कार्यक्रम को आकर्षक एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच सजावट, ध्वनि व्यवस्था आदि पर विशेष जोर दिया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी तैयारियाँ सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूर्ण हों। साथ ही, 14 अगस्त की संध्या में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों के अभ्यास और उनकी प्रस्तुति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों और कार्यक्रम से जुड़े सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की महत्ता के बारे में बताया और सभी से इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग की अपील की।

# सावन की तीसरी सोमवारी पर दोमुहानी बैकुंठ धाम में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

## श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित दोमुहनी बैकुंठ धाम में सावन की पवित्र महीने का तीसरी सोमवारी पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ शिव भक्तों की भारी भीड़ ने बाबा भोले पर जलाभिषेक किया।

दोमुहानी धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां आने वाले श्रद्धालु स्थापित भगवान भोले के शिवलिंग का जलाभिषेक किये। वहीं भक्त मंदिर के बाहर से गुजर रही उत्तर वाहिनी नदी के पवित्र जल को कलश और लोटा में भरकर भगवान भोले का जलाभिषेक किये। मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। आस्था का केंद्र इस धाम में सावन के पहले दिन से अखंड हरी कीर्तन प्रारम्भ होता है जो पूरे माह चलता है। प्रखंड क्षेत्र के अलावे शिव भक्त इस अखंड हरी कीर्तन में भाग लेकर पुण्य के भागी बनते हैं। साथ ही प्रतिदिन महाप्रसाद का भी वितरण किया जाता है। वहीं मन्दिर के पुजारी सुगेश्वर पंडित ने बताया कि यह दो मुहानी धाम जो प्रखंड के अलावा पूरे जिले में आस्था का केंद्र बनता जा रहा है। यह दो मुहानी धाम धरना स्थली व मणौति के रूप में काफी चर्चित है, भक्त जन आस्था के रूप में अपने दुःखों का निवारण के लिए इस धाम में धरना देते हैं और जब उनके कष्ट या मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। प्रत्येक वर्ष पूरा सावन माह यहां मेले जैसा रहता है, जिसके कारण पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल देखने को मिलता है। यह धाम दो नदी के मुहाने पर बसा होने के कारन व दो नदियों का संगम के वजह से यहां का दृश्य और ही रमणीक हो गया है।

यहां लोग आकर एक अद्भुत शांति महसूस करते हैं, जिसके चलते लोग अपने आप खिंचे चले आते हैं। साथ ही सावन के अंतिम सोमवारी पर सैकड़ों कांवरिया तिलैया डैम स्तिथ बेला मूर्तिया उत्तरवाहिनी नदी से कांवर के साथ पवित्र जल उठा लगभग 25 किलोमीटर नंगे पांव पैदल चल यहां पहुंच बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते हैं।

### डा. नीरा ने कहा झूठ फरेब छलावा वाली झारखंड सरकार लोभ देकर सत्ता पुनः लेने के लिए अन्तिम समय में योजना चला रही है

# केंद्रीय बजट लोक कल्याकारी सह सर्वस्पर्शी : डॉ.नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** कोडरमा विधायक आवास पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस आहूत की गई। जिसमे प्रेस वार्ता दौरान डॉ. नीरा यादव केंद्र सरकार के विपक्षों पर एवं राज्य सरकार को करारा जवाब दिया। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार की अनेक उपलब्धियां गिनाते हुए कहा जनता ने भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिए पुनः चुना है इसके लिए जनता के प्रति आभार। उन्होंने कहा केंद्र की अंतरिम बजट में गरीबों, महिलाओं, युवा और अन्नदाताओं पर विशेष ध्यान दिया।

वहीं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पुनः आगे पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। रोजगार, कौशल, प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित करते हुए 5 योजनाओं और पैकेज की घोषणा की गई, जिससे आगे 5 वर्ष में 4 करोड़ से अधिक युवा लाभान्वित होंगे। सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसी तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता प्राप्त करने हेतु एक कार्यनीति बनाई जा रही है। 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यार्थियों को 10 लाख तक के ऋण प्रदान की जाएगी। उन्हें 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज छूट के लिए ई वाउचर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा चहुंमुखी विकास के लिए पूर्वोदय विकास के तहत झारखण्ड राज्य को शामिल किया गया, जिसके लिए केंद्र के प्रति आभार। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों को बनवाने का लक्ष्य एक सराहनीय कदम। छोटे एवं मध्यम कारोबारी के लिए बिना गारंटी के 20 लाख तक ऋण देने का प्रावधान किया गया। राष्ट्रीय औद्योगिक पार्क कोरिडोर विकास कार्यक्रम के तहत बारह पार्कों की मंजूरी एक नई सोच वाली खोज है। शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के आवास के लिए किफायती दरों पर ऋण सुविधा के लिए ब्याज सब्सिडी का प्रावधान किया गया। पीएमजीसीआई सड़क योजना के तहत 25000 ग्रामों को अल वेदर रोड़ की नई प्रणाली वाली सड़क से जोड़ने का प्रावधान सराहनीय कदम जिसका सफल परीक्षण पहाड़ी क्षेत्रों में किया जा चुका है। निकटवर्ती गया के विष्णु पद मंदिर, बोध गया के महाबोधी मंदिर, नालंदा राजगीर को विकसित पर्यटन केंद्र बनवाने की उन्नत सोच को दर्शाता है। वहीं उन्होंने झारखण्ड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह ठगने वाली सरकार जनता को सिर्फ बरगला कर सत्ता हासिल करना चाहती है। उसने कहा अबुआ आवास सिर्फ बबुआ लोगों को दे रही है, 200 यूनिट फ्री कर बिजली ही काट दे रही है। मंईयां सम्मान योजना नहीं मंईयां परेशान योजना शुरू की गई है। लोगों की शिकायत है कि सरकार की यह योजना पता नहीं इसमें राशि सिर्फ क्षणिक सत्ता के लिए दिखावटी के लिए अंतिम समय में चलाई है। इसमें कागजात अनेक मांग रहे हैं, जिससे अधिकतर ऐसे ही वंचित हो जायेंगे। फॉर्म भरने में सर्वर काम नहीं कर रहा है। यह झारखण्ड सरकार सिर्फ जनता को परेशान कर रही है।

वहीं विधायक ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज को हटाना, इंजीनियरिंग कॉलेज को चालू न करवाना, जननी सुरक्षा योजना में घोर अनियमितता पर सरकार पर खूब बरसी। केंद्र सरकार द्वारा मिली राशि को राज्य सरकार लगभग 25 प्रतिशत तक खर्च कर पाई। पारा शिक्षकों को भी ठगने का काम किया जो कि पूर्व में हमारी सरकार पारा शिक्षकों का मानदेय काफी बढ़ाया, इंश्योरेंस पॉलिसी करवाई एवं उन्हें कई अन्य सुविधाएं दिया। मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक डॉ नीरा यादव के अलावे जिला अध्यक्ष अनुप जोशी, राजकुमार यादव, चन्द्रशेखर जोशी, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, संजीव यादव, बालमुकुंद सिंह, रविन्द्र यादव, रंजीत सिंह, राजकुमार यादव आदि मौजूद थे।

## चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक संपन्न

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक रविवार को मंच सदस्य उपेंद्र वर्मा के आवास पर मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत, ओम प्रकाश राम की उपस्थिति मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता व सचिव महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव महेश भारती ने मासिक कार्य रिपोर्ट पेश करते हुए सर्वप्रथम बैठक में समाज की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तिथि पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज के अंदर राजनीतिक व शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने पर जोर दिया गया। इसी के आलोक में अगस्त माह में कोडरमा नगर पंचायत के सभी 15 वार्डो में घर-घर जा कर सर्वे सह सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया, जिसे लेकर सभी सदस्यों को विभिन्न वार्डो में सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए कमेटी के सदस्यों को जिम्मेवारी दी गई है। वहीं मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन ने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए आने वाले पंचायत, नगर एवं विधानसभा चुनाव में भी अपनी ताकत के साथ एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।

## चुंदरु नदी में डूबी एक बच्ची की शव तीसरे दिन बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (छात्र)।** चुंदरु धाम के नदी में बीते तीन दिनों से डूबी एक बच्ची की शव को एनडीआरएफ के टीम ने सोमवार को बरामद किया। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को हो रही झमाझम बारिश के दौरान जंगली फुटका उठाने गई तीन बच्चियों ने चुंदरु धाम के खाई वाली नदी की तेज धार में डूबकर बहने लगी, जिसमें दो बच्ची नदी के छोर में स्थित झाड़ी को पकड़ कर किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलकर अपनी जान बचाई एवं टंडवा निवासी प्रेम भुइयां की बारह वर्षीय पुत्री बाला कुमारी पानी की गहराई में लापता हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों एवं स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंच कर तैराकियों के मदद से लापता बच्ची को खोज- बिन करने लगी। नही मिलने के बाद दूसरे दिन रांची से एनडीआरएफ की पूरी टीम पहुंची जहां खोज बिन शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद दूसरे दिन बकड़ी नदी से लापता बच्ची की शव को बरामद कर लिया गया।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर उपायुक्त ने शिविर का किया निरीक्षण

# सभी पात्र/योग्य महिलाओं व बहनों को योजना का लाभ दें : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं, बहनों को लाभ दिलाने के लिए प्रखंडों के पंचायत व गांवों के साथ साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया। इसे लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। वहीं उन्होंने नगर पंचायत कोडरमा अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नगरखारा, नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत बालिका उच्च विद्यालय और पंचायत सचिवालय पुरनाडीह में लगे शिविर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में आ रहे लाभुकों को फॉर्म भरने की प्रक्रिया से अवगत हुई। वहीं उन्होंने कहा कि आहर्त्ता रखने वाले सभी महिला, बहनों का योजना का लाभ दें। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है और इस योजना से लाभ देने से कोई भी महिलाएं, बहनें वंचित न रहे सुनिश्चित करेंगे। बता दें कि योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

# मंईयां सम्मान निधि का पोर्टल नहीं खुलने से महिलाएं मायूस

## पोर्टल नहीं खुलने से प्रज्ञा केंद्र के संचालकों को बढ़ी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** प्रखण्ड क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्रो पर इन दिनों महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। जहां तीन दिन से लगातार महिलाएं अपने अपने क्षेत्र के प्रज्ञा केद्रों पर मंईया सम्मान निधि का आवेदन करने के लिए पहुंचती तो जरूर है परंतु पोर्टल नहीं खुलने से सारा दिन इंतजार करने के बाद बैरंग शाम वापस मायूस होकर घर लौट जा रहे हैं। इस तरह बैरंग वापस लौट रही महिआलाओं का कहना है की झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित मंइया सम्मान निधि का तो घोषणा की गई है और आवेदन के लिए तिथि भी बताई गई है। परंतु हम लोग तीन दिन से लगातार प्रज्ञा केंद्र जाते हैं और सारा दिन पोर्टल खुलने का इंतजार करते है। परन्तु प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा यह कह कर लौटा दिया जा रहा है की अभी पोर्टल नहीं खुल रहा है। वहीं प्रज्ञा केंद्र के संचालकों का कहना है की हम लोग क्या करें कभी कभी पोर्टल खुलता है और कभी लगातार पोर्टल नहीं खुलता है वैसे में हम लोग भी पोर्टल खुलने का इंतजार के घड़ी में टक टकी लगाए रहते है। यदि अचानक कभी खुला भी तो भीड़ के वजह से बहुत कम हीं लोगों को ऑनलाइन हो पाता है।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लिए नया निर्देश

**चतरा।** उपायुक्त ने मईयां सम्मान योजना के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। धीमे सर्वर से जूझ रहे सीएससी संचालकों और फॉर्म ऑनलाइन कराने आने वाले लाभार्थियों को बड़ी राहत मिली है। तीन पेज के फॉर्म और पांच तरह के डॉक्यूमेंट्स को स्कैन कर अपलोड करने में आ रही दिक्कत को देखते हुए उपायुक्त ने नया निर्देश दिया है। अब सभी सीएससी सेंटर में भी मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। मईयां सम्मान योजना पोर्टल पर सभी पांच तरह के डॉक्यूमेंट्स जैसे आधार, वोटर कार्ड, पासबुक, राशन कार्ड और फॉर्म के तीनों पेज को अपलोड करने सहित लाइव फोटो के ऑप्शन को स्थगित कर दिया गया है।

सभी डॉक्यूमेंट्स अभी भी अनिवार्य हैं, लेकिन उन्हें ऑफलाइन लिया जाएगा और ऑनलाइन करने के उसी दिन संबंधित प्रखंड के अंचलाधिकारी या प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपना होगा। संबंधित पोर्टल पर अब सिर्फ और सिर्फ लाभार्थी का घोषणा पत्र ही अपलोड करना है।

## स्पीड न्यूज

### मूल फॉर्म की जगह जेरोक्स कॉपी जमा करने की अनुमति

**टंडवा (चतरा)।** झारखंड सरकार ने माईयां योजना में आवेदन करने के लिए मूल फॉर्म की जगह जेरोक्स कॉपी जमा करने की अनुमति दी है। बीडीओ देवलाल उरांव ने कहा कि किसी भी पंचायत में आपाधापी न करें, आराम से इस योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। अगर फॉर्म भरने में किसी भी तरह के लेन-देन की शिकायत मिली तो संबंधित व्यक्ति की नौकरी जा सकती है।

### एनटीपीसी ने फलदार पौधे वितरित किया

**टंडवा (चतरा)।** नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी ने कृषि को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छह विस्थापित गांवों को दो-दो सौ फलदार वृक्षों के पौधे वितरित किए। यह पहल न केवल गांवों को हरा-भरा बनाएगी, बल्कि वहां के निवासियों के लिए पोषण और आय का एक स्थायी स्रोत भी प्रदान करेगी। विस्थापित गांवों के मुखियाओं ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और इसे एक सराहनीय कदम बताया।

### बिजली के करंट से व्यक्ति की मौत

**गिद्धौर।** ब्रह्मपुर, प्रखंड में एक 31 वर्षीय व्यक्ति, रविंद्र दांगी की बिजली के करंट लगने से दुखद मौत हो गई। वह धान रोपाई के लिए मोटर से पानी चलाने गया था, लेकिन गलती से बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविंद्र दांगी के दो छोटे बच्चे हैं और परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है, जिससे उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। गांव में मातम छा गया है और यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

### भाजपा नेता जीतन राम ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा के भाजपा नेता जीतन राम ने सिमरिया प्रखंड के और हुरनाली में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है और शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। खेल का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है और खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेलकर लोगों को आनंद देते हैं। उन्होंने कहा कि आज खेल क्षेत्र में भी रोजगार के सुनहरे अवसर हैं और खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पटल पर शानदार खेल उपलब्धियां हासिल कर नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### प्राथमिकी अभियुक्त व वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 27/24 आईपीसी व 47(ए) उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त 44 वर्षीय चुरामन राय पिता परमेश्वर राय, 45 वर्षीय रामचंद्र शर्मा पिता स्व.चमरू ठाकुर, 34 वर्षीय संतोष राय पिता रामेश्वर राय तथा 30 वर्षीय दुर्गा राय पिता पति राय सभी कोठियार निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में इन्वेस्टर सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को इन्वेस्टर सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमसी मेंबर्स में मौसमी विश्वास, राजकुमार वोहरा, फखरुद्दीन अंसारी, सुरेंद्र मिस्त्री, जयनारायण सिंह यादव थे। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान के अलावा ग्रुप डांस और ग्रुप सॉन्ग प्रस्तुत किया गया।

## एक नजर में

### तीन दिनों से अंधेरे में डूबा सीधा पतरा आदिवासियों का गांव, आवागमन भी बाधित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के केंदू सिमरिया मुख्य पथ स्थित सीधापतरा में पिछले तीन दिनों से एक पेड़, बिजली के खंबे और तार मुख्य सड़क पर गिर गया है। जिससे इस गांव में निवास कर रहे आदिवासी समुदाय के लोग अंधेरे में रहने को विवश है।वहीं आने जाने वाले राहगीरों के आवागमन बंद हो गया है। स्थानीय लोग बिजली के तार से हीं होकर गुजर रहे है। ग्रामीणों ने कहा इसकी सूचना हमलोगो के द्वारा बिजली विभाग और वन विभाग को दी गई लेकिन अब तक न बिजली विभाग के कोई कर्मी आकार बिजली बनाए है और ना हीं वन विभाग के द्वारा रास्ते पेड़ को हटाया गया है। जिस प्रकार से बिजली के तार गिरे हुए है उसमे अगर करंट आती होगी तो बड़ी घटना होने में कोई देर नही लगेगी।

मालूम हो की सबानो गांव में बिजली के तार नीचे जमीन पर गिरा हुआ है लेकिन आज तक उसे बनाया नही गया। बिजली विभाग के लाइन मेन को सूचना देने पर उन्होंने रुपए की मांग की थी नही देने के कारण आज तक बिजली का तार सही नही हुआ। ज्ञात हो की यह एक मुख्य सडक है जो केंदू,कसारी, बीची टोंगरी लोहसिंहना आदि को जोड़ता है और तो और आज सोमवार के दिन मां भवानी के दरबार में बड़ी संख्या में लोग पूजा अर्चना करने जाते है रास्ता बंद हो जाने से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने नही जा पा रहे हैं।

### भाजपा नेता रमेश हर्षधर ने किया प्रखंड का दौरा







खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** भाजपा नेता रमेश हर्षधर ने सोमवार को सतगावां प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के मंदिरों का दौरा कर पूजा-अर्चना की। दौरे के दौरान उन्होंने धूड़मेश्वर मंदिर, बाली महादेव मंदिर और बाबा निरंकार के मंदिरों में विधिपूर्वक पूजा की और जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्री हर्षधर ने ब्राह्मणों को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके आशीर्वाद प्राप्त किया। दौरे के दौरान उन्होंने प्रखंड के लोगों से मुलाकात की और समस्याओं को सुना। प्रखंड के लोगों ने सबसे बड़ी समस्या के रूप में सिंचाई में आ रही दिक्कतों के बारे में अवगत कराया। किसानों ने बताया कि नई सिंचाई तकनीकी यंत्रों की अनुपलब्धता के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। विशेषकर, धान रोपाई के सीजन में पानी की कमी के कारण किसानों को धान रोपाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसानों ने बताया कि बासोडीह मीरगंज रोड का काम पूरा नहीं हो पाने से आवागमन में भी काफी समस्याएं आ रही हैं। बरसात के मौसम में सड़क की खराब हालत के कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है। इसके अलावा, किसानों ने भदाली, मीरगंज, पचौरी सहित आदि जगहों में डीप बोरिंग की आवश्यकता को भी उठाया। डीप बोरिंग न होने के कारण पानी की कमी से किसानों को धान रोपाई में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को सुनने के बाद भाजपा नेता रमेश हर्षधर ने लोगों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही जिले के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर इन समस्याओं को रखेंगे और सभी समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता में है और वे इसे जल्द से जल्द सुलझाने के लिए तत्पर हैं। वहीं श्री हर्षधर ने इस अवसर पर कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार किसानों की भलाई और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र ही किया जाएगा और इसके लिए वह वरीय पदाधिकारियों से मिलकर आवश्यक कदम उठाएंगे। इस प्रकार, भाजपा नेता रमेश हर्षधर का प्रखंड दौरा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जहां उन्होंने मंदिरों में पूजा-अर्चना की, ब्राह्मणों का सम्मान किया और प्रखंड के लोगों की समस्याओं को सुना। उनके आश्वासन से लोगों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द ही होगा और क्षेत्र का विकास तेजी से होगा।

### एसडीओ ने किया झरनाकुंड का निरीक्षण

**कोडरमा।** श्री राम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में आयोजित कांवर पदयात्रा को लेकर एसडीओ रिया सिंह ने सोमवार की शाम झरनाकुंड का निरीक्षण किया। यहां पहुंचकर उन्होंने श्री राम संकीर्तन मंडल के सदस्यों से बात की और कांवर पदयात्रा के तैयारी की जानकारी ली। इसके बाद वह झांकी स्थल पहुंची, जहां से झांकी के साथ कांवर पदयात्रा ध्वजाधारी धाम के लिए रवाना होती है, उस स्थल का भी जायजा लिया। वहीं उन्होंने कहा कि अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेटिंग लगाने की जरूरत है। वहीं मंडल के सचिव अरविंद चौधरी ने उन्हें आस्वस्त किया कि कांवर पदयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से झरनाकुंड से निकलकर ध्वजाधारी आश्रम तक पहुंचती है।

